प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 15.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्र सरकार ने कहा– आने वाले खरीफ मौसम के लिए देश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध, खाद्य सुरक्षा को लेकर जताई प्रतिबद्धता।

2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–भारत के निवेशक वर्ग में 24 दशमलव 9 प्रतिशत तक पहुंची महिलाओं की भागीदारी, बताया आर्थिक सशक्तिकरण का उदाहरण।

3. एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज रद्द की 14 उड़ानें, यात्रियों से पहले दुबई से आने–जाने वाली उड़ानों की स्थिति की जांच करने का आग्रह ।

4. आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस, इस वर्ष का विषय है –सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता।

और

5. गुमला, खूंटी और सिमडेगा जिले के कुछ भागों में अगले कुछ घंटों में आंधी के साथ बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी।

*********************

केन्द्र सरकार ने खाद्य सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जताई है । विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि आने वाले खरीफ मौसम के लिए देश में यूरिया का भंडार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

*********************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पाइप वाली प्राकृतिक गैस –पीएनजी और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस –एलपीजी दोनों के कनेक्शन वाले परिवारों को तत्काल प्रभाव से अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करने का निर्देश दिया है। कल जारी एक अधिसूचना में मंत्रालय ने कहा कि जिन व्यक्तियों के पास पहले से पीएनजी कनेक्शन है, उन्हें भविष्य में नया एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने की अनुमति भी नहीं होगी। तेल विपणन कंपनियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे उन उपभोक्ताओं को नए एलपीजी कनेक्शन जारी न करें या रिफिल न दें जिनके पास पहले से ही पाइप वाली प्राकृतिक गैस की सुविधा है। सरकार ने कहा कि यह कदम खाना पकाने की गैस की आपूर्ति में दोहराव को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। यह अधिसूचना पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के कारण वैश्विक ईंधन आपूर्ति में व्यवधान के बीच आई है।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति का आर्थिक सशक्तिकरण नई ऊंचाइयों को छू रहा है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में केन्द्रीय मंत्री ने लिखा है कि आज महिलाएं न केवल परिवार की आर्थिक मजबूती का आधार बन रही हैं, बल्कि निवेश और वित्तीय निर्णयों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। भारत के निवेशक वर्ग में महिलाओं की भागीदारी बढ़कर लगभग 24 दशमलव 9 प्रतिशत तक पहुंच जाना इस सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है।

*********************

निर्वाचन आयोग आज शाम चार बजे चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों की तिथि की घोषणा करेगा। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुद्दुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं।

*********************

उपराजधानी दुमका में भारत सरकार की स्किल इंडिया योजना के तहत युवाओं को कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं को हुनरमंद बनाया जा रहा है, ताकि वे रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ सकें। प्रशिक्षक ब्रजेश भारती ने बताया कि कार्यक्रम प्रधानमंत्री के 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बड़ी पहल है।

*********************

रांची नगर निगम ने शहर में गर्मी में जलसंकट से निपटने की तैयारी कर ली है । जलापूर्ति सुचारू हो इसके लिए पर्याप्त वाटर टैंकर की व्यवस्था करने के साथ ही रोस्टर तैयार किया गया है । नगर निगम आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि खराब हुए बोरिंग को भी ठीक करने का अभियान चलाया जा रहा है

*********************

रांची में ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैफिक एसपी ने लोगों से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने की अपील की।

*********************

पश्चिम एशिया में चल रही स्थिति के बीच एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने आज 14 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। विमान संचालकों ने कहा कि रद्द की गई या अस्थायी रूप से निरस्त हुई सेवाओं के यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के भविष्य की किसी तिथि के लिए उड़ान फिर से बुक कर सकते हैं या पूर्ण रिफंड का विकल्प चुन सकते हैं। इंडिगो ने बताया कि उनकी उड़ान सेवाएं दुबई में प्रतिबंधित कर दी गई है। इस कारण उड़ान समय सारिणी में बदलाव हुए हैं। एयरलाइन ने हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले दुबई से आने–जाने वाली उड़ानों की स्थिति की जांच करने का आग्रह यात्रियों से किया है।

*********************

आज विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस है इस वर्ष का विषय सुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ता है । इस दिन का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के बुनियादी अधिकारों को बढ़ावा देना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है ।यह दिवस पहली बार 1983 में मनाया गया था।। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर आज राज्यभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 71 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

राज्य में सरहुल को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। झारखंड सरना मसना विकास समिति की ओर से 21 मार्च को सरहुल शोभा यात्रा और 29 मार्च को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन करमटोली स्थित धूमकुड़िया स्थल जतराटांड़ में किया जाएगा। समिति ने सरहुल मनाने वाले सभी लोगों से नशामुक्त तरीके से पर्व मनाने की अपील की है।

*********************

गुमला, खूंटी, सिमडेगा जिले के कुछ भागों में अगले कुछ घंटो में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना है। साथ ही जिले में कुछ स्थानों पर तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया है

*********************

हैदराबाद में कल खेले गए एफ.आई.एच. महिला हॉकी विश्व क्वालीफायर के फाइनल मुकाबले में भारत को इंग्लैंड से शून्य–दो से हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इस वर्ष होने वाले महिला हॉकी विश्व कप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर लिया है। टूर्नामेंट से चैंपियन इंग्लैंड, उपविजेता भारत, साथ ही स्कॉटलैंड ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया है।

*******समाप्त*************